प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **महाकुम्भ में आज हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक : प्रयागराज–चित्रकूट डेवलेपमेंट रीजन समेत 10 प्रस्ताव हुए पारित : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत मंत्रिपरिषद ने लगाई संगम में आस्था की डुबकी।**
2. **मौनी अमावस्या स्नान को लेकर तैयारियां तेज : उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के लिये चलायेगा चार सौ से अधिक मेला स्पेशल रेलगाडियां।**
3. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले दो वर्षों तक जारी रखने का लिया गया फैसला।**

**और**

4. **लखनऊ से चलकर मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह के बाद महाराष्ट्र के जलगांव में ट्रेन से कूदे यात्री : 6 लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख।**

---

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज महाकुम्भ के त्रिवेणी संकुल में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश के सभी 54 मंत्री उपस्थित रहे। बैठक के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने बताया कि कैबिनेट**

ने एससीआर की तर्ज़ पर प्रयागराज–चित्रकूट डेवलेपमेंट रीजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही बागपत, कासगंज और हाथरस में पीपीपी मोड पर मेडिकल कालेजों के निर्माण के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गयी है। बाइट......

*जैसे लखनऊ में हम लोगों ने स्टेट कैपिटल रीजन लखनऊ और उसके आसपास के सब जनपदों को मिला करके डेवलपमेंट का प्लान बनाया है ऐसे ही प्रयागराज और चित्रकूट को मिला करके एक डेलवपमेंट रीजन हम यहां डेवलप करेंगे। इसके लिये इंफ्रास्ट्रक्चर के लिये जो महत्वपूर्ण होगा। वह एक गंगा एक्सप्रेसवे का एक्स स्टोन हम लोग देंगे। गगा एक्सप्रेस वे प्रयागराज से मिर्जापुर, मिर्जापुर से भदोही होते हुए रविदासनगर होते हुए यह काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के साथ जुड़ेगा।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा के नगर निगम के बांड जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश एयरो–स्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को भी आज मंजूरी दी गई है। बाइट......

*उत्तर प्रदेश की जो एयरोस्पेस और डिफेंस एंड एंप्लॉयमेंट से संबंधित जो कौन सी है, 2018 में हमने बनाई थी, उसी पॉलिसी के 5 साल पूरे हो चुके हैं। अब उसको नए सिरे से बनाने की व्यवस्था की गई है। इस पार्टी को यहां पर अब हम हम लोगों ने बड़े निवेश को आमंत्रित करने के लिए उसमें नए इंसेंटिव की घोषणा की है। आज इस पर चर्चा हुई है। एफडीआई के अंतर्गत और फॉर्चून 500 निवेश प्रदेश में हुआ। उपनिवेश के अंतर्गत इंसेंटिव वितरण करने की व्यवस्था और उसको उतनी प्रतिपूर्ति शासन यूपी सीधा को कर रहा है और कुछ नए निवेश के प्रस्ताव यहां पर आए हैं जिन्हें लेटर आफ इंटेंट यहां पर आज जारी हो रहे हैं।*

बैठक में गृह विभाग, नगर विकास, चिकित्सा शिक्षा, औद्योगिक विकास विभाग से जुड़े कुल 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों के साथ संगम में स्नान किया।

————————

महाकुंभ में श्रद्धालु और गणमान्य लोग लगातार पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। आज शाम छह बजे तक 46 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। इसी क्रम में आज अभिनेता अनुपम खेर ने महाकुंभ पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने अपने अनुभव को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि यह वास्तव में आध्यात्मिक महोत्सव का अद्वितीय स्वरूप है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने भी आज संगम में स्नान किया।

————————

केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे। श्री शेखावत ने इलाहाबाद संग्रहालय में लघु चित्रों पर आधारित भागवत प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के पवित्र और दिव्य अवसर को और अधिक भव्य और अनुपम बनाने के प्रयास सभी कर रहे हैं। सबके साथ और सभी के प्रयास से ही यह अनुपम कुम्भ दिव्य और भव्य बन रहा है। इसके अलावा उन्होंने संस्कार भारती पेविलियन

राष्ट्र रत्ना शोभायात्रा का भी शुभारंभ किया। श्री शेखावत कल प्रयागराज से जयपुर के लिए रवाना होंगे।

---

उन्तीस जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का देखते हुए रेलवे मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से विशेष ट्रेनें चलाएगा। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने इन विशेष रेलगाड़ियों के बारे में जानकारी दी। बाइट.....

*जो यह आंकडा दिया गया है कि आठ से नौ करोड लोग स्नान करें तो रेलवे की बहुत बडी जिम्मेदारी है। पूरे मौनी अमावस्या के जो डी माइनस वन से डी प्लस टू डेज जो पीक डेज होते हैं इनमें हम चार सौ से अधिक मेला स्पेशन रेलगाडियों का संचालन करेंगे।*

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने यात्रियों से अपील की, कि वे अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए निर्धारित रेलवे स्टेशनों से ही यात्रा करें। बाइट......

*बनारस जंक्शन के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग रामबाण और झूंसी स्टेशन से ही अपनी ट्रेन पकडे, ताकि इसके कारण लाभ यह होगा कि प्रयागराज जंक्शन की तरफ आने वाले लोगों की संख्या भी कम होगी और यहां ये दूसरे डायरेक्शन से लोगों के लिए अधिक स्पेस क्रिएट हो सकेगा और हम दूसरे डायरेक्शन की अधिक ट्रेनें चला सकेंगे।*

इस बीच, रेलवे द्वारा आज भी करीब एक दर्जन से अधिक महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार का अनुमान है कि इस बार मौनी अमावस्या

पर महाकुंभ में अमृत स्नान के लिए करीब आठ से दस करोड़ श्रद्धालु आ सकते हैं।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले दो वर्षों तक जारी रखने का फैसला लिया गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक प्रेस कांफ्रेंस में इस बारे में जानकारी दी। बाइट......

*जो रोजमर्रा की समस्या है भारत को नेशनल हेल्थ के टास्टिक्स में पीछे रखती थी उन सभी के ऊपर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लगातार बहुत बढ़त हुई है। लगातार सफलता मिली है और आगे चल के अगले पांच वर्ष के लिये हम नेशनल हेल्थ मिशन को आगे भी बढ़ाने का जो जो आज अहम निर्णय लिया गया है आगे चल के हमारा जो शत प्रतिशत यूनिवर्सल नेशनल हेल्थ केयर का लक्ष्य है उसके प्रति भारत अग्रसर है।*

इसके अलावा बैठक में विपणन सत्र 2025–26 के लिए रॉ– जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर पांच हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है जो पिछली बार की तुलना में 315 रुपये अधिक है।

————————

बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की आज 10वीं वर्षगांठ है। इस अवसर पर देश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जो 8 मार्च तक जारी रहेगा। इस अवसर पर लखनऊ के सरस्वती बालिका कन्या विद्यालय की प्रिंसिपल लता कुमारी सिंह ने बताया कि बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना शुरू होने के बाद से उनक स्कूल में लड़कियों की संख्या बढ़ी है और ड्रॉप आउट के आंकड़ों में भी कमी आई है। बाइट......

*ये प्रोग्राम की जब शुरूआत हुई थी, उस दिनांक से लेकर के आज दिनांक तक अगर हम देखे तो महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और मेरे यहां चूंकि बालिका विद्यालय है मैने जितना फोकस किया, उतना पाया। पहले लोग लड़कियों को घर बिठा लेते थे, पढ़ाते नहीं थे जो ड्राल आउट की समस्या थी वो भी इस अभियान के आने से काफी खत्म हुई है।*

————————

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक साल पूरे होने पर आज अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। हनुमान गढ़ी, दशरथ महल, कनक भवन

सहित अयोध्या के सभी मन्दिर आज श्रद्धालुओं से भरे रहे। हालांकि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र पंचांग की तिथि के अनुसार ग्यारह जनवरी को ही तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन कर चुका है पर ट्रस्ट ने आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए विशेष तैयारी की थी। वहीं हापुड में लोकसभा सांसद अरुण गोविल ने असोड़ा गांव में घर–घर रामायण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को रामायण बांटी और लोगों से अपने जीवन में भगवान राम के आदर्शों को उतारने का संकल्प भी दिलाया। श्री गोविल ने बताया कि यह अभियान 5 वर्ष तक चलेगा, जिसमें 11 लाख रामायण का वितरण किया जाएगा।

———————

लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद यात्रियों के ट्रेन से कूदने से 6 लोगों की मौत हो गई और कई लोगों के घायल होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक अफवाह फैलने के बाद यात्रियों ने चेन पुलिंग की और ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। हादसे के वक्त ट्रेन महाराष्ट्र के जलगांव में थी। ट्रेन से कूदने वाले लोग कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हादसे में घायलों के समुचित उपचार के निर्देश

दिए हैं। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने हेल्पलाइन नंबर 8957409292 जारी किया है।

—————————

प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों की 13 दीदियों को दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इनमें मेरठ, गौतमबुद्धनगर और कुशीनगर की 1—1, देवरिया, अलीगढ़ औऱ बिजनौर की 2—2, और सोनभद्र की 3 स्वयं सहायता समूह की दीदियां कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड कार्यक्रम में शामिल होंगी।

(समाप्त)